# सस्टेनेबिलिटी व नवाचार से जुड़े मुद्दों पर किया मंथन

■ यूपीईएस में सस्टेनेबिलिटी फेयर 3.0 का आयोजन

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस में पांचवी अंतरराष्ट्रीय सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस ऑन हेल्थ, सेफ्टी, फायर एंड एनवायरनमेंटल एडवांसेज (एचएसएफईए) के तहत सस्टेनेबिलिटी फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने सस्टेनेबिलिटी व नवाचारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही उद्योग से जुड़े अनुभवों के साथ नेटवर्किंग व विचारों का आदान-प्रदान किया।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन हैस्को के संस्थापक व पद्म विभूषण डा.अनिल प्रकाश जोशी ने किया। डा. जोशी ने सस्टेनेबिलिटी पर केंद्रित कार्यों की तात्कालिकता और समाज की समस्याओं के समाधान में अनुसंधान की भूमिका को रेखांकित किया। यूपीईएस के कुलपति प्रो. राम शर्मा, रजिस्ट्रार, प्रो-वाइस चांसलर और डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने भी अपने विचार साझा किए। सम्मेलन संयोजक और सस्टेनेबिलिटी क्लस्टर के प्रमुख प्रो. विक्रम प्रसाद यादव ने सम्मेलन के उद्देश्य और कार्यक्षेत्र पर प्रकाश डाला।



यूपीईएस में आयोजित सस्टेनेबिलिटी फेयर में उपस्थित अतिथि।

समापन सत्र में पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने उत्तराखंड के मैती आंदोलन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मैती आंदोलन का उद्देश्य सामाजिक अवसरों पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। वह आंदोलन अब उत्तराखंड से आगे बढ़कर भारत के साथ-साथ यूके, कनाडा, भूटान जैसे देशों तक पहुंच चुका है।कार्यक्रम का आयोजन मेकीन एनर्जी, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान, आनंद फैब्रिकेटर्स एंड इंजीनियर्स, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन आफ इंडिया और यूनिवर्सिटी आफ सरे, स्प्रिंगर, एल्सेवियर, एमडीपीआई जैसे अकादमिक व प्रकाशन के सहयोग से किया गया।

## एचएसएफईए के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने पर सम्मानित

सम्मेलन में एचएसएफईए के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 45 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों और संगठनों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिसमें लोहुम क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड, टेकनिप एनर्जी लिमिटेड, रिलायंस, शिवगंगा ड्रिलर्स प्राइवेट लिमिटेड, स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड, वेदांता, डेलायट, रिगल रेक्सनार्ड, एलएंडटी, निकमार यूनिवर्सिटी, हेनकेल एडहेसिव्स टेक्नोलाजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ईआरएम, मेकीन एनर्जी, शापुरजी पल्लोनजी ग्रुप, डीएलएफ लिमिटेड, आईटीसी लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट्स, ओएनजीसी, एचपीसीएल, नौफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लायड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड आदि शामिल हैं।